एक नजर में

पोरवाल समाज की बेटी प्रकृति घाटिया बनीं सिविल जज उपमुख्यमंत्री ने बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी

टकरावद/नाहरगढ़। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पिपलिया मंडी नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. फकीर चंद घाटिया की पौत्री एवं श्रीमती आशा सुनील घाटिया की बेटी एवं भाजपा बूढ़ा मंडल कोषाध्यक्ष गोपाल पोरवाल टकरावद की भानेज कु. प्रकृति घाटिया ने राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में 9 वी रेंक मे जज की परिक्षा उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सिविल जज पद हेतु चयनित होकर नगर एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में रैंक 9 प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। यह पिपलिया मंडी नगर के लिए गर्व का विषय है कि नगर से पहली बार किसी ने न्यायिक सेवा में सिविल जज बनकर इतिहास रचा है। उनकी इस उपलब्धि से नगरवासियों में हर्ष का वातावरण है तथा सभी ने उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बिटिया प्रकृति घाटिया के सिविल जज पद पर चयनित होने पर बधाई व शुभकामनाएं देते कहा कि मल्हारगढ़ विधानसभा के पिपलिया मंडी नगर की होनहार बिटिया कु. प्रकृति घाटिया ने राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। आपने इस परीक्षा में वरीयता सूची में 9वा स्थान प्राप्त किया। सिविल जज पद पर आपका यह चयन विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले के विद्यार्थियों को प्रेरणा प्रदान करेगा। मैं बिटिया प्रकृति सहित पूरे परिवार को बधाई - शुभकामनाएं देते हुए आपके उज्वल भविष्य की कामना करता हू।

खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पैदा करती हैं : सुधीर गुप्ता

मनासा में हुआ सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

मनासा। उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनासा नगर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पैदा करती हैं और उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाती हैं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान से निकले खिलाड़ी जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं और समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं।विधायक माधव मारू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और एकता का भाव पनपता है यही खेलो इंडिया, बढ़ो इंडिया की असली भावना है।इससे पूर्व सांसद और विधायक द्वारा हरी झंडी दिखाकर नगर में स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई।उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और उपस्थितजन ने प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर, जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष आशीष सारडा, जिला महामंत्री अश्विन सोनी, नरेंद्र मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीमा अजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष गोपाल गुर्जर, विजय शर्मा, कैलाश पुरोहित, मुकेश डांगी, मदन रावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

पुलिस की पहल से बना सामाजिक सौहार्द, आपसी समझाइश से सुलझा विवाद

भानपुरा। थाना भानपुरा पुलिस की सकारात्मक एवं संवेदनशील पहल से एक संभावित आपराधिक प्रकरण दर्ज होने से पहले ही आपसी समझाइश से सुलझ गया, जिससे क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द एवं समरसता कायम हुई। पुलिस की इस कार्यवाही की समाजजनों एवं संभ्रांत नागरिकों ने सराहना की है। विगत दिवस मिट्ठुनखेड़ी निवासी राधेश्याम पिता तुलसीराम दर्जी ने थाना भानपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बोलियां, थाना गरोठ निवासी मांगीलाल पिता मेघराज दर्जी द्वारा मोबाइल फोन पर अश्लील गालियां दी गईं, जिसकी वॉयस रिकॉर्डिंग भी प्रस्तुत की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र डांगी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एएसआई सुनील तोमर को जांच सौंपी।जांच के दौरान आज दोनों पक्षों को थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थित किया गया। निरीक्षक डांगी ने दोनों पक्षों को अलग-अलग सुनकर आवश्यक समझाइश दी। बातचीत के बाद दोनों पक्षों के गिले-शिकवे दूर हुए और वे आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने पर राजी हो गए। थाना प्रभारी की पहल पर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाकर भविष्य में किसी प्रकार की दुश्मनी न रखने का संकल्प लिया। इस समझौते से न केवल एक आपराधिक प्रकरण दर्ज होने से बचा, बल्कि पुलिस, न्यायालय और आम नागरिकों का समय व धन भी बचा। समाजजनों ने पुलिस की इस सराहनीय पहल को समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

युवक की ट्रेन से गिरने से दर्दनाक मौत

नीमच। जिले में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ है। जिसमें नीमच निवासी एक युवक की ट्रेन से गिरने से दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि युवक रेलवे का कर्मचारी था। रतलाम से ड्यूटी कर नीमच लौट रहा था। इसी दौरान चल्दू के समीप चलती ट्रेन से गिर गया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई है। फिलहाल युवक को नीमच जिला चिकित्सालय 108 एंबुलेंस से लाया गया है। युवक का नाम मैं युवक का नाम गजेंद्र उर्फ गोविंदा गोयल पिता नंद किशोर निवासी मूलचंद मार्ग नीमच है। युवक की उम्र 45 साल है। युवक का शव आते ही जिला अस्पताल में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल पहुंच गए।

श्रीमद् विजय राजेंद्र सुरीश्वर जी महाराजा साहब की गुरु सप्तमी महोत्सव का शंखनाद 25 को

नीमच। विश्व विख्यात अभिधान राजेंद्र कोष सर्जक गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सुरीश्वर जी महाराज साहब की 199वीं जन्म जयंती एवं 119वीं पुण्यतिथि के पावन उपलक्ष्य में जैन कॉलोनी स्थित श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर पर श्रीमद् विजय जयन्त सेन सुरीश्वर जी महाराज साहब के दिव्य आशीष, गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्य सेन सुरीश्वर जी महाराज साहब, परम पूज्य आचार्य श्रीमद विजय जय रत्न सुरीश्वर जी महाराज साहब के आज्ञानुवृत्ति दिशतावधानी मुनिराज प्रत्यक्ष रत्न विजय जी महाराज साहब एवं मुनिराज पवित्र रत्न विजय जी महाराज साहब आदि ठाणा की निश्रा में तीन दिवसीय गुरु सप्तमी महोत्सव के उपलक्ष्य में 25 से 27 दिसंबर तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेंद्र सूरी जैन मंदिर श्री पार्श्वनाथ राजेंद्र सूरी राजमल पानबाई डूंगरवाल चैरिटेबल ट्रस्ट नीमच के अध्यक्ष राजेंद्र डूंगरवाल, सचिव अरुण चौरडिया एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश चौरडिया ने बताया कि कार्यक्रम में निश्रा प्रदान करने 24 अक्टूबर को सुबह श्री अग्रवाल पंचायत भवन बारादरी से साधु संतों का मंगल प्रवेश होगा। साधु संतों की मंगल प्रवेश शोभायात्रा नया बाजार घंटाघर पुस्तक बाजार जैन भवन मार्ग मिडिल स्कूल मैदान होते हुए जैन कॉलोनी स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर पर पहुंचकर नवकारसी के बाद धर्म सभा में परिवर्तित होगी। गुरु सप्तमी महोत्सव के पावन श्रृंखला में प्रथम दिवस 25 दिसंबर गुरुवार दोपहर 12.39 बजे राजेंद्र सूरी आराधना भवन में भक्तामर महापूजन का आयोजन आयोजित किया जाएगा जिसके लाभार्थी राजमल पारसमल बाबेल महागढ़ वाले होंगे।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर संवाद कर रहे पशुपालक मित्र

पशुपालन से कैसे बढ़ाएं आय

नीमच। वर्तमान में मध्यप्रदेश की दुग्ध उत्पादन में राष्ट्रीय भागीदारी नो प्रतिशत है शासन की अंशानुसार आगामी पांच वर्षों में इसे बीस प्रतिशत तक ले जाना है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु दो से नो अक्टूबर के मध्य दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के प्रथम चरण में दस से अधिक पशुधन रखने वाले जिले के 8500 पशुपालकों को गृह भेंट देकर उनसे पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण एवं पशु प्रजनन पर संवाद किया गया और इसके माध्यम से लाभ अर्जित करने के संबंध में बताया गया।

शासन की मंशानुसार जिले में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में 17 दिसंबर से नीमच जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का दूसरा चरण प्रारम्भ किया गया है जो 30 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के दौरान जिले के 14500 से अधिक पशु पालक जिनके पास पांच से नो तक पशु है उनको पशु पालन विभाग के उपसंचालक] पशु चिकित्सक] सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी] गो सेवक मैत्री एवं दुग्ध संघ के कार्यकर्ता गृह भेंट देकर उनसे वर्तमान में अपनायी जा रही पशु पालन संबंधि पद्धतियां और उसमे क्या आवश्यक सुधार की आवश्यकता है ताकि पशु पालन से अधिक से अधिक लाभ अर्जित किया जा सके इन विषयो पर संवाद कर रहे है.

संतुलित पशु आहार से बछिया जल्दी माँ बनेगी और दो ब्यात का अंतर कम होगा साथ ही पशु का दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा इससे पशु पालक की आय बड़ेगी.

नस्ल सुधार हेतु पशु प्रजनन - दूध उत्पादन बढ़ाने हेतु जहाँ पशु का स्वास्थ्य एवं पोषण का अच्छा होना जरूरी है उतना ही जरूरी है पशु की नस्ल का सुधार करना अर्थात उन्नत नस्ल जो ज़ादा दूध देती है जैसे गिर साहिवाल मुर्रा अथवा संकर जर्सी या होलेस्टन आदि के वीर्य से पशु का प्रजनन करवाना ताकि पैदा होने वाली बछिया से ज़ादा दूध प्राप्त किया जा सके

पशु पालक को यह भी बताया जा रहा है की अब हमारे पास उन्नत नस्लों का ऐसा भी वीर्य उपलब्ध है जिसके लगाने से नब्बे प्रतिशत बछिया होने की सम्भावना है जिसे सेक्स सॉर्टेड सिमन कहा जाता है.

संवाद में पशु पालकों द्वारा पर्याप्त रूचि ली जा रही है तथा वे गृह भेंट कर्ता पशुपालक मित्र की बातों को गंभीरता से सुनकर बताई जा रही तकनीक का उपयोग करने हेतु आगे आ रहे है. संवाद के दौरान उदाहरणीय पशु पालकों के माध्यम से भी उनकी सफलता की कहानिया साझा करवाई जा रही है

अंत में पशुपालक मित्र अपना मोबाइल नंबर भी साझा कर रहा है तथा इन तीन विषयो पर बनी अलग अलग जागरूकता रील भी उनसे साझा कर रहे है। चर्चा उपरांत पशुओं सम्बंधि आवश्यक जानकरी इस हेतु बनाये गए एप पर दर्ज कर रहे है तथा व्हाट्सएप्प ग्रुप से पशु पालकों को जोड़ा जा रहा है ताकि भविष्य में भी पशुपालकों को विभागीय गतिविधियों से अवगत करवाया जा सके.पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ राजेश पाटीदार ने बताया की गृह भेंट कार्य में 180 लोगो को लगाया गया है तथा अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं जिले एवं अनुभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियो को भी सहभागिता हेतु अनुरोध किया गया है

संवाद के तीन मुख्य बिंदु

पशु स्वास्थ्य - दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु पशु का स्वास्थ्य अच्छा होना जरुरी है ताकि वह बीमारियों से बचे] उसका उत्पादन बड़े और समय पर गर्मी पर आये ताकि उनके रख रखाव पर खर्चा कम हो। इस हेतु जरूरी है पशुओं का समय समय पर टीकाकरण हो तथा उन्हें पेट की कीड़े व बाह्य परजीवीयों से बचाने हेतु नियमित दवाई दि जाये] पशु शाला साफ सुथरी व हवा एवं प्रकाश युक्त हो।

पशु पोषण - पशुओं को भी मनुष्यों की भांति संतुलित आहार की नियमित आवश्यकता होती है। संतुलित आहार में ऊर्जा प्रोटीन वसा खनीज लवण एवं विटामिन्स इन पांच अवयवो का होना जरुरी है.

ये अवयव क्र मश : अनाज दाने] दलहन] तेलीय बीज से प्राप्त होते है एवं खनीज लवण एवं विटामिन्स दाने व हरे चारे से प्राप्त होते है. यदि मिनरल मिक्सचर की अतिरिक्त पूर्ति करने की जरूरत हो तो बाजार से मिनरल मिक्सचर लाकर खिलाया जा सकता है जिसे आम बोलचाल की भाषा में दूध बढ़ाने का पाउडर कहा जाता है.

दिवंगत शिक्षक के परिवार को शिक्षक साथियों ने किया 40 लाख का सहयोग

मन्दसौर। प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गोविन्दराम गेहलोत (माध्यमिक शिक्षक शा. हाईस्कूल आकोदडा, जिला-मंदसौर) ने बताया कि, दमोह जिले के शिक्षक स्व. दिलीप सिंह लोधी की असमय मृत्यु उपरांत उनके पुत्र-पत्नी को संघ के रजिस्टर्ड शिक्षक-शिक्षिकाओं ने 40 लाख रुपये की राशि 15 दिन में ऑनलाइन के माध्यम से उनके खातों में जमा की गई। पीयूएमएस मध्यप्रदेश स्तर पर नवनिर्मित शिक्षक संघ का उद्देश्य असमय दिवंगत होने वाले शिक्षक-शिक्षिका साथी को प्रदेश के पंजीकृत सभी शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन सीधे नॉमिनी के खाते में संगठन के नियम अनुसार सहयोग प्रदान किया गया। संघ के संस्थापक सतीश खरे, प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया, प्रदेश संयोजक पवन खरे, राजेश असाटी आईटी सेल के प्रदेश (प्रान्तीय) महामंत्री, विनोद कुमार राठौर, प्रांतीय महासचिव मुकेश नेमा, प्रांतीय प्रवक्ता रमाशंकर तिवारी, प्रान्तीय सचिव श्रीमती प्रमिला सगरे महिला प्रकोष्ठ, आईटी सेल प्रभारी राजेश गुप्ता एवं सह प्रभारी हृदयेश श्रीवास्तव, इनके साथ संभागीय संगठन मंत्री बालचन्द राठौर, संभागीय सचिव फूलचन्द गुर्जर, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण पाटीदार, जिला महासचिव दिनेश कुमार राठौर, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा श्रीमती रेणुका आचार्य, जिला प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी पाटीदार, उपाध्यक्ष रामप्रसाद कुमावत, अखिलेश चन्द्रावत, हरीश खिचावत, सुरेन्द्र कुमार पाटीदार, लखन पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ठाकुर, अरुण पाटीदार, पंकज मण्डलोई, राजाराम जोशी, मुकेश कुमार राठौर व जिले एवं ब्लॉक के सभी पदाधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी आनन्द आंजना द्वारा प्रदान की गई।

हार्टफुलनेस संस्था द्वारा आज विश्व ध्यान दिवस पर सामूहिक ध्यान

पुलिस लाइन में आयोजित हो रहा तीन दिवसीय ध्यान शिविर

मंदसौर। मानसिक संतुलन और साकारात्मकता के लिए हार्टफुलनेस संस्था द्वारा 21 दिसंबर रविवार को द्वितीय विश्व ध्यान दिवस पर विश्व के करोड़ों लोग दुनिया में शांति करुणा और एकता के लिए एक साथ रात्रि ठीक 8 बजे 20 मिनट के लिए यूट्यूब लिंक के माध्यम से (वर्चुअल) ध्यान करेंगे यह ध्यान पूरी तरह निशुल्क है द्य प्रदेश पुलिस विभाग के समस्त थानों में 21 दिसंबर में हर रविवार जवान इस ध्यान में शामिल होंगे .मंदसौर शहर में भी पुलिस लाइन में 19, 20, और 21 दिसंबर को तीन दिवसीय ध्यान सत्र आयोजन किया गया द्य नगरवासियों से निवेदन है कि लिंक के माध्यम से अपने आप को रजिस्टर कर रात 8 बजे यूट्यूब लिंक *httpsÑ//meditationday.global/hi/* से ध्यान में बैठे और इस अनमोल पल का हिस्सा बने रजिस्टर करने पर आपको विश्व ध्यान दिवस में शामिल होने का प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा द्य यह जानकारी एवं पुलिस विभाग मंदसौर में ध्यान सत्र का आयोजन हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक भाई दीपेंद्र सोनी,डॉ. नीलेश नगाचय,और प्रशिक्षक रश्मि शर्मा एवं हार्टफुलनेस टीम ने कराया द्य पुलिस विभाग का सराहनीय सहयोग रहा .जैसा कि विदित हो मध्य प्रदेश पुलिस और हार्टफुलनेस संस्थान के बीच एम ओ यू हुआ है! हार्टफुलनेस संस्थान इन तीन दिवस के अलावा संपूर्ण पूरे साल भर हर थाने, पुलिस लाइन,हर कर्मचारी और अधिकारियों के लिए उनके जीवन तनावपूर्ण जीवन में, ध्यान के माध्यम से संतुलन बनाने के लिए हमेशा हार्टफुलनेस संस्थान प्रणबद्ध है।

विधायक परिहार ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि विकास, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रगति का आधार - परिहार

नीमच। विधायक दिलीपसिंह परिहार ने डाक बंगले पर पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री, एसडीओ एवं अभियंताओं के साथ बैठक ली और क्षेत्र में चल रहे सडक निर्माण कार्यों की समीक्षा की। करीब दो घण्टे चली मैराथन बैठक में विधानसभा क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों का विधायक ने फीडबैक भी लिया।

बैठक में बैठक में अपने कार्यकाल के 2 वर्श पूर्ण होने पर अभी तक किए गए कार्यों की एवं आगामी कार्य योजना की समीक्षा की गई। खासतौर पर जयसिंहपुरा बायपास से विभिन्न ग्रामों को भी जोडा जा सके, इस पर भी विचार मंथन किया गया, वहीं विधानसभा क्षेत्र के शेश बचे सभी ग्रामों को जिला स्तर से जोडने के लिए नवीन संभावनाओं पर भी विचार किया गया। साथ ही नीमच-जीरन-मल्हारगढ सडक मार्ग की समीक्षा भी की गई।

विधायक परिहार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीमच जिले के प्रत्येक गांव की जिला स्तर से कनेक्टिविटी हो, जिससे शहरी, ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों सभी को अधोसंरचना विकास का लाभ प्राप्त हो इस आधार पर प्रस्ताव की परिकल्पना की जाये। पीडब्ल्यूडी मंत्री का नीमच दौरा प्रस्तावित है, उससे पूर्व विधानसभा क्षेत्र की सडक निर्माण कार्यों की शेश संभावनाओं को भी तलाशकर शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि अगले बजट में उन्हें शामिल कराया जा सके।

विधायक परिहार ने जिले की सड़कों की कनेक्टिविटी को एकीकृत दृष्टिकोण से देखने की जरूरत जताई। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की चारों दिशाओं में स्थित ग्रामों को जिला मुख्यालय से जोडने एवं जनपदों को भी आपस में जोड़ने वाली संरचना तैयार की जाए, जिससे जिले की आंतरिक गति और समरसता को नई दिशा मिले।

जिला प्रशासन नीमच की सार्थक पहल

- नीमच के जैविक हाट बाजार में निरंतर बढ़ रही है नागरिकों की भागीदारी
- जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध होने से खुश हैं जैविक किसान

नीमच। जिले में जिला प्रशासन की पहल से प्रत्येक शनिवार को दशहरा मैदान पर जैविक हाट बाजार का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना, किसानों को सीधा विपणन मंच उपलब्ध कराना तथा आम नागरिकों को स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद सुलभ कराना है। जैविक हाट बाजार में अब नीमच जिले के नागरिकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यहां शुद्ध एवं प्रमाणिक जैविक फल, सब्जियां एवं दैनिक उपयोग के उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध हो रहे हैं।

जैविक उत्पादक किसानों को इस हाट बाजार के माध्यम से बेहतर विपणन सुविधा, प्रत्यक्ष उपभोक्ता संपर्क तथा उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी आय में भी सकारात्मक वृद्धि हो रही है। दशहरा मैदान स्थित जैविक हाट बाजार में विश्वकर्मा कृषि फार्म, भाटखेड़ी के प्रगतिशील किसान कमलाशंकर विश्वकर्मा द्वारा तैयार बांस से बने जैविक टूथब्रश उपभोक्ताओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। यह नवाचार पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का उत्कृष्ट उदाहरण है। जैविक हाट बाजार में जैविक फल एवं सब्जियों के प्रति उपभोक्ताओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। एक ही स्थान पर विविध जैविक उत्पाद उपलब्ध होने से किसान और उपभोक्ता-दोनों ही वर्ग संतुष्ट एवं उत्साहित हैं। जिला प्रशासन द्वारा किया गया यह प्रयास नीमच जिले में स्वस्थ जीवनशैली, कृषि नवाचार एवं स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एक नजर आयोजन कुलपति डॉ. राजीव ठाकुर, रजिस्ट्रार आशीष पारिख तथा एडमिशन हेड डॉ. आशीष अग्रवाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न

मंदसौर विवि में शैक्षणिक उत्सव, 50 से अधिक विद्यालयों के 3500 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

मंदसौर। मंदसौर विश्वविद्यालय में शिक्षा, तकनीक और नवाचार का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब मंदसौर, नीमच, रतलाम एवं प्रतापगढ़ जिलों के 50 से अधिक विद्यालयों के लगभग 3500 छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजीव ठाकुर, रजिस्ट्रार आशीष पारिख तथा एडमिशन हेड डॉ. आशीष अग्रवाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विविध शैक्षणिक एवं तकनीकी विभागों की विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों ने इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) टेक्नोलॉजी, ड्रोन एवं रोबोटिक टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ृढ्ढ), मैनेजमेंट, नर्सिंग, एग्रीकल्चर, लाइफ साइंस एवं फॉरेंसिक साइंस जैसे आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी विभागों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से नवीन तकनीकों से रूबरू कराया गया। ड्रोन उड़ान, रोबोटिक मॉडल्स तथा ईवी सिस्टम के लाइव प्रदर्शन ने विद्यार्थियों में खासा उत्साह और जिज्ञासा पैदा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसरों तथा भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना है।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मार्गदर्शन हेतु इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि उन्हें तकनीक-आधारित शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग भी देखा गया।